बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

सहायक, बिहार लोक सेवा आयोग (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 08/2018) हेतु ई–प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर दिनांक 11.03.2019 से उपलब्ध रहेगा, जिसे डाउनलोड करने के लिए "आवश्यक निर्देश" आयोग के उक्त वेबसाईट पर ही उपलब्ध है। अभ्यर्थी ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए उक्त आवश्यक निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करेंगे। अभ्यर्थी ई–प्रवेश पत्र दिनाक 16.03.2019 तक निश्चित रूप से डाउनलोड कर हार्ड कॉपी में सुरक्षित रख लें। वे ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए आखिरी समय (Eleventh Hour) का इन्तजार नहीं करेंगे। प्रवेश पत्र पर अंकित निर्देश को अवश्य पढ़ लें।

उक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के कतिपय अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित तिथि 17.03.2019 को सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे :–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्ण रूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाऐंगें एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।
2. राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित दो रंगीन फोटो में से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे। दूसरा फोटो ई-प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. आई० डी० प्रूफ यथा– पैन कार्ड/आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई० डी० कार्ड इत्यादि में से किसी एक की छायाप्रति, जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो, उसे केन्द्राधीक्षक को निश्चित रूप से समर्पित/जमा करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति भी अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
4. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात् ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।

नोटः– विहित घोषणा–पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

8.3.19

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना